RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 30 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 218 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App


# 7 से शीतकालीन सत्र

## 10 दिनों तक चलेगा सेशन...

### किसानों और आरक्षण के मुद्दे रहेंगे हावी

**मुंबई : महाराष्ट्र विधान मंडल का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होगा। बुधवार को विधानभवन में आयोजित विधानसभा और विधान परिषद कामकाज सलाहकार समिति ( बीएसी) की बैठक में यह निर्णय लिया गया।**



6 दिसंबर को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को देखते हुए पहले शीतकालीन सत्र की तारीख आगे बढ़ाए जाने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में परंपरागत रूप से आयोजित होने वाला यह सत्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 दिसंबर से ही शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा।

### कई नेता रहे मौजूद

बीएसी की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर विधान परिषद की उपसभापति डॉ. नीलम गोर्हे, विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरी झिरवल, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, दोनों सदनों के सदस्यों एवं विधि मंडल के सचिव जितेंद्र भोले आदि प्रमुख लोगों की उपस्थिति में ये निर्णय लिया गया।

### शीत सत्र में होगी गरमागरम बहस...

महाराष्ट्र में हाल के दिनों में हुई बेमौसम की बारिश के कारण हुए फसलों को हुए नुकसान के कारण किसानों के मुद्दे एवं मराठा आरक्षण एवं ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सूबे में जारी रार के कारण शीतकालीन सत्र के दौरान गरमागरम बहस की पूरी आशंका है। विपक्ष के नेताओं ने इन मुद्दों को लेकर शिंदे सरकार को घेरने की योजना बनाई है।

### मराठा आरक्षण मुख्य मुद्दा रहेगा

विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोर्हे ने कहा है कि शीतकालीन सत्र के दौरान मराठा आरक्षण का मुद्दा प्रमुख रहेगा। उन्होंने कहा कि इस समुदाय की शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण की मांग पर एक महत्वपूर्ण चर्चा के संकेत दिए हैं। गोर्हे ने कहा कि हम इस मुद्दे पर सभी पक्षों से चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल ने मराठा आरक्षण पर फैसला लेने के लिए शिंदे सरकार को 24 दिसम्बर का अल्टीमेटम दिया है।

# मुंबई में सिरफिरे आशिक की खौफनाक करतूत...

## शादी से मना करने पर ब्लेड से काटा महिला का गला



**मुंबई :** मुंबई में एक व्यक्ति ने 25 वर्षीय एक महिला का ब्लेड से गला कथित तौर पर काट दिया. एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि महिला ने व्यक्ति के विवाह प्रस्ताव को ठुकरा दिया था तथा उसका अपमान किया था. उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार को दोपहर में कालाचौकी इलाके में महिला के घर पर हुई. अधिकारी ने बताया कि महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा उसकी हालत गंभीर है. उन्होंने बताया कि 44 वर्षीय आरोपी पेशे से चालक है तथा वह कालाचौकी इलाके के परशुराम नगर में रहता है. अधिकारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है.

पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला अपने दो भाइयों के साथ इसी मोहल्ले में रहती है. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी के एक साल से महिला के साथ प्रेम-संबंध थे. वह महिला से शादी करना चाहता था, लेकिन महिला उसके प्रस्ताव को ठुकरा रही थी. पुलिस ने बताया कि सोमवार की रात दोनों के बीच कुछ बहस हुई और महिला ने कुछ लोगों के सामने उसका अपमान किया.

# निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन पर करंट लगने से 15 वर्षीय बच्चे की मौत!

## एमएमआरडीए के अज्ञात ठेकेदार के खिलाफ FIR दर्ज...



**मुंबई :** चेंबूर स्थित सिद्धार्थ कॉलोनी में एमएमआरडीए के अंतर्गत चल रहे मेट्रो साइट पर खुले बिजली के तार छूने से एक 15 वर्षीय लड़के की मौत हो गई है। नेहरू नगर पुलिस ने एमएमआरडीए के संबंधित अज्ञात ठेकेदार के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (अ) (लापरवाही के कारण मौत) का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक बच्चे की पहचान प्रज्वल नखाते के रूप में हुई है।

पुलिस में प्रज्वल की दादी वंदना नखाते (54) के दिए गए बयान के मुताबिक, प्रज्वल सोमवार की दोपहर को खाना खाने के बाद करीब 3:30 बजे घर के बाहर खेलने गया था। शाम करीब 6 बजे इलाके के एक लड़के ने बताया की प्रज्वल मेट्रो कंपाउंड में चिपककर लेटा हुआ है। जब मैं वहां पहुंची तो देखा लोगों की भीड़ जमा थी।

# मुंबई के पूर्व मेयर दत्ता दलवी गिरफ्तार

## सीएम शिंदे के खिलाफ इस्तेमाल की थी आपत्तिजनक भाषा

**मुंबई:** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने के मुंबई के पूर्व मेयर दत्ता दलवी को अरेस्ट किया गया है। शिवसेना उद्धव गुट के नेता दत्ता दलवी की गिरफ्तारी पर मुंबई की राजनीति भी गरमा गई है। दत्ता दलवी पर आरोप है कि उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना में मर्यादी लांघते हुए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। दलवी के खिलाफ मुंबई के भांडुप पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। मुंबई के पूर्व मेयर की गिरफ्तारी पर पुलिस स्टेशन के बाहर शिवसैनिकों की भीड़ भी जुट गई।इसके बाद वहां पर पुलिस बल की तैनाती की गई।



### कोर्ट से पुलिस लेगी रिमांड

भांडुप पुलिस ने दलवी के खिलाफ खिलाफ आईपीसी की धारा 153 (ए), 153 (बी), 153 (ए) (1) सी, 294, 504, 505 (1) (सी) के तहत मामला दर्ज किया था। उसके बाद से उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। धाराओं में मामला दर्ज किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपशब्द कहने पर दलवी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद पुलिस अब कोर्ट में पेश करेगी। कोर्ट में पेशी के साथ पुलिस रिमांड पर लेकर इस मामले चार्जशीट भी पेश कर सकती है। इसके लिए उनकी सभा के वीडियो को कब्जे में लिया गया है।

### 26 नवंबर को बोले अपशब्द

भांडुप थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि 26 नवंबर को उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने उपनगर भांडुप में एक सभा आयोजित की गई थी। आरोप है कि इस कार्यक्रम में दलवी ने कथित तौर पर शिंदे के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक बयान दिए। पूर्व मेयर दत्ता दलवी को आज सुबह उनके अवास से अरेस्ट किया गया। दलवी की गिरफ्तारी की सूचना पर शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत भी थाने पहुंचे।

## मुंबई में दुकानों पर मराठी में साइन बोर्ड न लगाने पर BMC का एक्शन, दुकानदारों पर ठोका जुर्माना



**मुंबई:** महाराष्ट्र में पिछले कुछ समय से मराठी भाषा में साइन बोर्ड लगाने को लेकर काफी बवाल हुआ. सितंबर महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मराठी भाषा में साइन बोर्ड लगाने को कहा गया था और मुंबई में सारे दुकानदारों को दो महीने का समय भी दिया गया था. अब दो महीने का समय खत्म होने के बाद बीएमसी ने अपनी कार्रवाई शुरू की है. बीएमसी उन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जिन लोगों ने अभी तक मराठी भाषा में साइन बोर्ड नहीं लगाए हैं. दरअसल, 2018 में राज्य सरकार ने राज्य की सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों के लिए देवनागरी लिपि में साइन बोर्ड लगाना अनिवार्य कर दिया था. वहीं बीएमसी द्वारा इस मामले पर कार्रवाई करने के लिए अपने 24 वार्डों में अधिकारियों की एक टीम बनाई है, यह टीम उन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जिन्होंने मराठी भाषा में साइन बोर्ड नहीं लगाए हैं.




## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

# जीवंत बने पर्यटन क्षेत्र

श्रीलंका, थाईलैंड और मलेशिया ने पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहित करने के वास्ते भारतीयों के लिए वीजा की आवश्यकता समाप्त कर दी है। ऐसी खबरें हैं कि वियतनाम भी ऐसी ही नीति शुरू करने पर विचार कर रहा है। थाईलैंड अपने पूर्वी आर्थिक गलियारे में भारतीय नागरिकों के लिए 10 वर्ष की अवधि का निवेशक वीजा शुरू कर सकता है। इन देशों के निर्णयों से लगता है कि वे भारतीय पर्यटकों को अधिक महत्त्व दे रहे हैं। भारतीय सैलानी कोविड महामारी के बाद आर्थिक सुधार में इन देशों के पर्यटन क्षेत्र की मदद कर रहे हैं। यात्रा वीजा मुक्त किए जाने से कई तरह की झंझट समाप्त हो जाएंगी और इसका परिणाम यह होगा कि पर्यटकों की आमद बढ़ जाएगी। चीन से आने वाले पर्यटकों की संख्या कम होने के बाद दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों ने भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। श्रीलंका सरकार का इस संबंध में उठाया गया कदम आवश्यकता से अधिक जुड़ा हुआ है। वहां की सरकार ऋण के बोझ से कराह रही अर्थव्यवस्था को उबारना चाहती है। ऑस्ट्रेलिया और रूस ने भी वीजा संबंधित प्रक्रियाएं सरल बना दी हैं। इन देशों ने अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ई-वीजा की शुरूआत की है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और भारतीयों में विदेश यात्रा की ललक भी बढ़ती जा रही है। भारत से बड़ी संख्या में लोग घूमने या अन्य कार्यों के लिए विदेश जा रहे हैं। एक अंतरराष्ट्रीय सलाहकार संस्था के अनुमान में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक भारत विदेश यात्रा पर खर्च करने वाला चौथा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। भारत के लोगों में विदेश यात्रा के प्रति अति उत्साह के कई कारण हो सकते हैं। कोविड महामारी के बाद वैश्विक स्तर पर सीमाएं खुलने के बाद लोग विदेश यात्रा करने की अपनी इच्छा जमकर भुना रहे हैं। यह सबसे महत्त्वपूर्ण कारण माना जा सकता है। भारत में आबादी का स्वरूप भी एक बड़ा कारण रहा है। युवा लोगों में विदेश यात्रा करने की ललक अधिक बढ़ रही है।

कुछ खंडों में भारतीय उपभोक्ता बाजार का बढ़ता आकार संकेत दे रहा है कि ऐसे भारतीय परिवारों की संख्या बढ़ी है जो घूमने-फिरने एवं मनोरंजन पर अधिक खर्च करने की क्षमता रखने लगे हैं। वर्ष 2019 में यात्रा एवं पर्यटन पर लगभग 15 करोड़ डॉलर खर्च हुए थे और अनुमान है कि 2030 तक यह बढ़कर 410 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। भारतीयों ने वर्ष 2022-23 के दौरान व्यक्तिगत यात्राओं पर 21 अरब डॉलर खर्च किए। यह आंकड़ा वर्ष 2021-22 की तुलना में 90 प्रतिशत अधिक है। यूरोपीय संघ के शेनगन और अमेरिका के वीजा के लिए प्रतीक्षा अवधि लंबी होने से दक्षिण-पूर्व एशियाई देश भारतीयों के लिए घूमने-फिरने के आकर्षक केंद्र बनते जा रहे हैं। इस बीच, भारत सरकार स्थानीय स्तर पर पर्यटन की संभावनाएं बढ़ाने पर ध्यान दे रही है जो स्वागत योग्य कदम है। वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में पर्यटन के लिए 2,400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में यह राशि 18.24 प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यमन की बातह्ण कार्यक्रम की नवीनतम कड़ी में देश के नागरिकों से विदेश में विवाह समारोह आयोजित करने से बचने का आग्रह किया है। सरकार ने हाल में एक अभियान की शुरूआत की जिसमें भारत को विवाह समारोह आयोजित करने के विशिष्ट स्थान के रूप में दिखाया गया है। पर्यटन उद्योग में श्रम की अधिक आवश्यकता पड़ती है, इसलिए इसमें बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होने की अपार संभावनाएं हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई के चेंबूर कैंप ओल्ड बैरक मे गैस सिलेंडर फटा

## 5 मकान हुए जमीनदोज 1 महिला गंभीर रूप से घायल

## महिला की हालत चिंताजनक राजा वाडी से डॉक्टरों ने सायन अस्पताल किया रेफर



### शिवसेना उद्धव गुट विधायक प्रकाश फतेर्पेकर, पूर्व नगरसेविका आशा मराठे ने किया घटनास्थल दौरा

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** मुंबई उपनगर के चेंबूर ओल्ड बैरक में गैस सिलेंडर फटा ! जिसकी जद मे आकर तकरीबन 5 मकान हुए जमींदोज, जलकर हुए ध्वस्त तथा 11 रहीवासिया लोगों को पड़ोसियों की सतर्कता के चलते मौत के मुहं मे जाने से बचाया गया है । बताया कि घटना में कुछ लोग घायल हुए हैं। हालांकि उन्होंने घायलों की वास्तविक संख्या नहीं बताई गई है। कहा जाता है की आज चेंबूर इलाके में गोल्फ क्लब के निकट ओल्ड बैरक में सुबह सात बजकर 50 मिनट पर घटी। निगम के एक अधिकारी ने बताया कि एक मकान में गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ जिसके चलते चार से पांच दो मंजिला मकान ध्वस्त हो गए। वहीं



घटनातस्थल पर मौजूद अधिकारीयो ने बताया कि ध्वस्त मकानों से 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और अब तक चार लोगों को गोवंडी में नगर निगम संचालित शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर दमकल की पांच गाड़ियों, पुलिस, नगर निगम के कर्मियों, एंबुलेंस सेवा और अन्य एजेंसियों को भेजा गया है।

उल्लेखनीय तौर पर स्थानीय शिवसेना उबाटा गुट के विधायक प्रकाश फतेर्पेकर, पूर्व नगरसेविका ,दक्षिण मध्य मुंबई बीजेपी महिला मोर्चा की जिला अधक्ष्य आशा मराठे ने घटनास्थल का दौरा गैस सिलिंडर ब्लास्ट मे सव कुशल मौत के मुहं से जाने से बचे पीड़ित दो परिवारों के सदस्यों से मुलाकात कर हाल चाल कुशल क्षेम लिया ! इतना ही नहीं विधायक प्रकाश फतेर्पेकर तथा पूर्व नगरसेविका आशा मराठे ने एम पश्चिम मनपा सहायक आयुक्त को निर्देश दिया की गैस बाटला विशफोट के पीड़ितों को तत्पूर्वि पूर्णवासन की मांग किया है ! दूसरी और पीड़ित गंभीर रूप से घायल महिला की स्वस्थ को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा संपर्क मे है ।

# भिवंडी में सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में एक दलाल महिला गिरफ्तार, दो को बचाया गया




**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन ने दो महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने के आरोप में एक महिला दलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मारिया बीबी बशीर शेख 45 वर्ष के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक शंकर इंदलकर को गुप्त सूचना मिली के अपराधी जरूरतमंद ग्राहकों को देह व्यापार के लिए पीड़ितों को देने की योजना बना रहा है। भिवंडी परिमंडल दो के पुलिस उपायुक्त नवनाथ धवले के नेतृत्व में शांतिनगर पुलिस की एक पुलिस टीम का गठन कर सोमवार की दोपहर एक जाल बिछाया गया। और साई बाबा मंदिर के सामने सार्वजनिक रोड पर जैसे ही सौदा तय हुआ, पुलिस ने उन्हें रोक लिया। और फिर गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने दो पीड़ितों को इस वेश्यावृत्ति दलदल से बचा लिया है। और उन्हें महिला सुधारगृह उल्हासनगर भेज दिया है। परंतु पीड़ितों को पैसों का लालच दे कर उन्हें वेश्यावृत्ति में धकेलने व सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में पुलिस ने दलाल महिला को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 370 (2), 370 (3) और अनैतिक व्यापार (प्रतिबंध) अधिनियम की धारा 4 व 5 के तहत मामला दर्ज किया है।

# अज्ञात वाहन के कुचलने से महिला की मौत... चालक फरार




**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी कल्याण रोड पर पैदल चल रही एक महिला को पीछे से तेज रफ्तार से जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ।जिसके कारण घटनास्थल पर ही महिला ने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया ।घटना के बाद कोनगांव पुलिस ने फरार वाहन चालक पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्थानीय गोवे गांव में सोमवार निवास में रहने वाली निर्मला कृष्णा कांदेकर (55) सोमवार की सुबह कल्याण रोड द्वारा पैदल जा रही थी ।जैसे ही वे जय मल्हार ढाबा के सामने पहुंची,पीछे से नियम कानून को ताक पर रखकर तेजगति से चल रहे अज्ञात वाहन ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया ।जिसके कारण महिला को गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही कोनगांव पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए इंदिरा गांधी उपजिला अस्पताल में भेजने के साथ ही मृतक महिला के लड़के मनोज कांदेकर की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर दुर्घटना सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दिया है ।मामले की जांच पुलिस हवलदार एस.ए.गोल्हार कर रहे है।




# चीन में डरा रही रहस्यमयी बीमारी... कर्नाटक सरकार हुई अलर्ट, एडवाइजरी में दी लोगों को ये सलाह

**बेंगलुरु :** चीन में फैलती नई बीमारी को लेकर अब कर्नाटक सरकार ने राज्य में एडवाइजरी जारी कर दी है। कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने चीन में बच्चों में सांस संबंधी बीमारियों में वृद्धि की खबरों के बाद पूरे राज्य में अपने स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को अलर्ट पर रखा है।



कर्नाटक सरकार ने यह फैसला केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के बाद लिया है। केंद्र सरकार ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें उनसे कहा गया था कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और अस्पताल की तैयारियों की तत्काल समीक्षा करें। इसके अलावा कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को मौसमी फ्लू वायरस से सावधान रहने के लिए एक सलाह जारी की है। एडवाइजरी में मौसमी फ्लू को लेकर चिंता जताई गई है। बता दें कि मौसमी फ्लू एक संक्रामक बीमारी है, जो आमतौर पर पांच से सात दिनों तक रहती है।

हालांकि, यह बीमारी शिशुओं, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों के लिए अधिक जोखिम पैदा करती है, जिन्हें इस बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता हो सकती है।

**क्या है लक्षण ?**

दरअसल, इसके लक्षण बुखार, ठंड लगना, अस्वस्थता, भूख न लगना, उल्टी होना, छींक आना और सूखी खांसी शामिल हैं, जिसके लक्षण इंसान में करीब तीन सप्ताह तक रहते हैं। एडवाइजरी में बताया गया है कि किसी भी तरह के संक्रमण से बचने के लिए क्या करना है और क्या नहीं करना है।

एडवाइजरी के अनुसार, खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढकें, बार-बार हाथ धोएं, चेहरे को अनावश्यक छूने से बचें। साथ ही भीड़-भाड़ वाली जगहों पर फेस मास्क का उपयोग करें।

# ठाणे और पालघर को अतिरिक्त पानी के लिए अभी डेढ़ साल और इतंजार...

**ठाणे :** ठाणे और पालघर के प्रमुख शहरों के लिए पानी का मुख्य स्रोत बारवी बांध से मिलनेवाले अतिरिक्त पानी के लिए अभी डेढ़ साल और इतंजार करना होगा। इस संदर्भ में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) ने दोनों जिलों के स्थानीय स्व-सरकारी निकायों को सूचित किया है। बारवी जलापूर्ति विस्तार योजना के तहत कई कार्य अभी चल रहे हैं। इसलिए जब तक ये कार्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक अतिरिक्त पानी नहीं दिया जा सकता।



चार साल पहले जिले में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के बारवी बांध के विस्तार का तीसरा चरण पूरा हुआ था। इससे बांध की क्षमता बढ़कर ३४० मिलियन क्यूबिक मीटर हो गई। बांध की ऊंचाई बढ़ने के कारण ठाणे जिले की सभी महानगरपालिकाओं ने इस बात पर जोर दिया है कि बारवी बांध से बढ़े हुए जल भंडारण को मंजूरी दी जाए। हालांकि, ऊंचाई बढ़ने के कारण बांध से अतिरिक्त जल भंडारण तो उपलब्ध हो गया है, लेकिन अब यह बात सामने आ रही है कि यह पानी अगले डेढ़ साल यानी मई २०२५ तक उपयोग के लायक नहीं रहेगा।

इस साल बारिश जल्दी शुरू होने के कारण बारवी डैम के पानी पर निर्भर रहनेवाले शहरों को नये साल की शुरूआत में पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस पृष्ठभूमि में एमआईडीसी के निदेशक मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई है कि सभी स्थानीय निकायों को सूचित किया जाना चाहिए कि कोई अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं होगा। बारवी जल शुद्धिकरण वेंछद्र, बारवी जल आपूर्ति योजना के तहत प्रस्तावित कार्य और जल आपूर्ति समस्याओं को हल करने के लिए सहायक कार्य शुरू किए गए हैं। इसमें ७५१ करोड़ ११ लाख रुपए जल शुद्धिकरण और ८६३ करोड़ ७८ लाख रुपए के पाइपलाइन विस्तारीकरण व जल शोधन संयंत्र की क्षमता बढ़ाने के लिए काम चल रहा है।

# मां के जन्मदिन पर बच्चे की मौत, हादसे में गई जान!

**मुंबई:** जिंदगी बहुत क्षणभंगुर है। अब जो हंसता-खेलता है उसका क्या होगा ये कोई नहीं जानता। लेकिन ऐसा झटका लगता है कि हम सुन्न हो जाते हैं। ऐसी ही एक दिल दहला देने वाली, दिल दहला देने वाली घटना मुंबई के भयंदर इलाके में घटी है। माँ के जन्मदिन के दिन, दुर्भाग्य से छोटे लड़के की एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई। महिला अपने पति, बेटी और बच्चे के साथ अपना जन्मदिन मनाने के लिए बाहर गई थी, तभी यह दुर्घटना हुई और 11 महीने के बच्चे की जान चली गई। घटना शनिवार 25 नवंबर को हुई और पूरा इलाका सदमे में है। मिली जानकारी के मुताबिक, शाह परिवार भायंदर में रहता है। शनिवार को शाह की पत्नी का जन्मदिन था, इसलिए वे इसे मनाने के लिए बाहर जा रहे थे। लेकिन कुछ ही समय में ये खुशी का दिन उनकी जिंदगी का काला दिन बन गया। महज 11 महीने के बेटे की अचानक मौत से शाह परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और उनकी मां के दुख का ठिकाना नहीं है। आपके जन्मदिन पर नाभि खोना कोई ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहीं है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से भायंदर इलाके में सनसनी मच गई है और नागरिक अपना दुख व्यक्त कर रहे हैं। 25 नवंबर को शाह की पत्नी का जन्मदिन है। शाह, उनकी पत्नी, पांच साल की बेटी और 11 महीने का बेटा सभी उस मौके पर बाहर जा रहे थे। उन्होंने अपना जन्मदिन अपने परिवार के साथ गोराई बीच पर एक रिसॉर्ट में मनाने की योजना बनाई। चूंकि वह पास ही जाना चाहते थे, इसलिए, उन्होंने स्कूटी से जाने का फैसला किया। दोपहर करीब 4 बजे वे स्कूटी से निकले।




# मराठी बोर्ड के मुद्दे पर राज ठाकरे एक बार फिर भड़क गए




**पुणे:** ऐसा देखा जा रहा है कि मराठी बोर्ड से मनसे एक बार फिर आक्रामक हो गई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के बाद जहां दुकानों पर मराठी बोर्ड लगाना अनिवार्य है, वहीं मनसे ने आक्रामक रुख अपना लिया है क्योंकि कुछ जगहों पर अभी भी अन्य भाषाओं में बोर्ड लगे हुए हैं। इसी तरह, मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने शिंदे सरकार की कड़ी आलोचना की और कहा कि बाला साहेब के विचार थे तो वे कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? ये सवाल सीधे तौर पर राज ठाकरे ने पूछा है। आगे राज ठाकरे ने ये भी कहा कि हमारी सरकार सिर्फ हिंदुत्व और मराठी की बात कर रही है। कोर्ट के कहने पर भी सरकार मराठी थाली नहीं चला सकती। बाला साहेब के विचार कहे तो जाते हैं लेकिन लागू नहीं किये जाते। सरकार को इस दिशा में कदम उठाना चाहिए।

# फर्जी TRP मामला वापस लेने के लिए अदालत पहुंची मुंबई पुलिस, अर्नब गोस्वामी हैं आरोपी

**मुंबई :** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को एक स्थानीय अदालत में आवेदन दायर करके कथित फर्जी टीआरपी मामले को वापस लेने का अनुरोध किया है, जिसमें टीवी चैनल के पत्रकार अर्नब गोस्वामी को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है। कथित घोटाला अक्टूबर 2020 में सामने आया था जब रेटिंग एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) ने 'हंसा रिसर्च ग्रुपके माध्यम से एक शिकायत दर्ज कराई थी।



शिकायत में आरोप लगाया गया कि कुछ टेलीविजन चैनल टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग पॉइंट) के अंकों में हेराफेरी कर रहे थे। पुलिस ने एक पूरक आरोप-पत्र में गोस्वामी को इस मामले में आरोपी के रूप में नामित किया है। आरोप है कि गोस्वामी ने सह-आरोपी और बीएआरसी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पार्थ दासगुप्ता के साथ मिलकर टीआरपी में अवैध रूप से हेराफेरी की थी। टीआरपी दर्शकों की पसंद को सूचीबद्ध करने और यह जानने का एक उपकरण है कि कौन सा कार्यक्रम सर्वाधिक देखा गया। आरोप पत्र में गोस्वामी द्वारा दासगुप्ता के साथ अपने व्हाट्सएप चैट को कथित तौर पर स्वीकार करने को उनके मामले में शामिल होने के महत्वपूर्ण सबूत के रूप में उद्धृत किया गया है। अभियोजन पक्ष ने मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष मामला वापस लेने के लिए एक आवेदन दायर किया।

अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 28 दिसंबर को करेगी। अपराध शाखा ने इस मामले के सिलसिले में 'रिपब्लिक टीवीके वितरण प्रमुख और दो अन्य चैनलों के मालिकों सहित 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। फिलहाल आरोपी जमानत पर हैं। मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी कथित टीआरपी हेराफेरी घोटाले में धन शोधन की शिकायत दर्ज की। हालांकि, ईडी ने पिछले साल सितंबर में दायर एक आरोपपत्र में दावा किया था कि कथित घोटाले में रिपब्लिक टीवी के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला।

# मुंबई में गैस सिलेंडर विस्फोट, 5 मकान जलकर ध्वस्त, 11 लोगों की बाल-बाल बची जान!



**मुंबई :** मुंबई के चेंबूर इलाके में बुधवार सुबह एक मकान में गैस सिलेंडर में विस्फोट के बाद पांच मकान ध्वस्त हो गए, जिसके बाद 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में कुछ लोग घायल हुए हैं। हालांकि उन्होंने घायलों की वास्तविक संख्या नहीं बताई। घटना चेंबूर इलाके में गोल्फ क्लब के निकट ओल्ड बैरक में सुबह सात बजकर 50 मिनट पर घटी।

निगम के एक अधिकारी ने बताया कि एक मकान में गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ जिसके चलते चार से पांच दो मंजिला मकान ध्वस्त हो गए। अधिकारी ने बताया कि ध्वस्त मकानों से 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और अब तक चार लोगों को गोवंडी में नगर निगम संचालित शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर दमकल की पांच गाड़ियों, पुलिस, नगर निगम के कर्मियों, एंबुलेंस सेवा और अन्य एजेंसियों को भेजा गया है।

# टनल में फंसे 41 मजदूर बाहर निकाल लिए गए

**नई दिल्ली :** १७ दिनों से निमार्णाधीन सिलक्यारा टनल में फंसे ४१ मजदूर कल बाहर निकाल लिए गए। तीन दिन पहले जब ऑगर मशीन पूरी तरह खराब हो गई थी तो मायूसी छा गई थी। उसके बाद पहाड़ के ऊपर से ड्रिल करने का निर्णय लिया गया था। पर इस बीच संकरी जगह पर खुदाई करने में एक्सपर्ट 'रैट माइनर्स' बुलाए गए। वैसे मशीनों के आ जाने के बाद इस तरह की रैट माइनिंग पर देश में प्रतिबंध लगा दिया गया है। मगर टनल में फंसे ४१ जिंदगियों का सवाल था इसलिए ऐसे ६ एक्सपर्ट को बुलाया गया था। इन जांबांजों ने ३ फुट मोटी पाइप में घुसकर मैन्युअल तरीके से खुदाई कर जंग जीत ली। इस तरह से जहां ऑगर मशीन हार गई वहां मनुष्य ने फतह हासिल कर ली। गौरतलब है कि उत्तरकाशी स्थित सिलक्यारा के टनल में फंसे मजदूर आखिरकार १७वें दिन बाहर आ ही गए। कल मंगलवार की दोपहर, उनके लिए जिंदगी की नई रोशनी लेकर आई।





# छोटी सी बात पर हुई बहस... गुस्साई पत्नी ने काट लिया पति का कान

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके से एक बेहद सनसनीखेज घटना सामने आई है। एक महिला ने गुस्से में अपने पति का कान जोर से काट लिया। पुलिस ने रविवार को इस मामले की जानकारी दी। पीड़िता इस्मा ने बताया कि जोरदार काटने से उसके दाहिने कान का ऊपरी हिस्सा टूट गया और उसे सर्जरी करानी पड़ी। पीड़ित ने इलाज के बाद पत्नी के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक शिकायत के बाद आरोपी महिला के खिलाफ आईपीसी की धारा 324 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। पीड़ित इस्मा के मुताबिक 20 नवंबर की सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह शौच के लिए घर से बाहर गया था। फिर उसने अपनी पत्न ी से घर साफ करने को कहा। लेकिन जैसे ही वह घर लौटा तो उसकी पत्नी बिना वजह उससे बहस करने लगी। इतना ही नहीं, उसने यह भी मांग की कि आप यह घर बेचकर मुझे मेरा हिस्सा दे दें ताकि मैं अपने बच्चों के साथ रह सकूं। मैंने उसे समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन बहस बढ़ती गई। धीरे-धीरे, वह इतना उदास हो गया कि उसकी पत्नी ने मुझे मारने की भी कोशिश की, इसलिए मैंने उसे धक्का दे दिया, उसने शिकायत में कहा।



जैसे ही मैं घर से बाहर निकल रहा था, मेरी पत्नी ने मुझे पीछे से पकड़ लिया और गुस्से में आकर मेरे दाहिने कान को इतनी जोर से काटा कि मेरे कान का ऊपरी हिस्सा टूट गया। उसके बाद मेरा बेटा मुझे तत्काल इलाज के लिए मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल ले गया। उन्होंने यह भी बताया कि उसके बाद मेरे कान का ऑपरेशन किया गया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने एक टीम को जांच के लिए भेजा। लेकिन पीड़ित इसाम काफी परेशान था और जवाब देने की हालत में नहीं था। आखिरकार दो दिन बाद 22 नवंबर को उन्होंने पुलिस से संपर्क किया और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कहा कि इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# महाराष्ट्र के ठाणे में एक कुएं में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव...

## पुलिस को इस बात का है शक...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में बुधवार को सुबह एक कुएं में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला. नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी. एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि संभवत यह आत्महत्या का मामला है और इसकी जांच की जा रही है. ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने कहा कि उन्हें कपूरबावड़ी इलाके के शिव मंदिर के पास कुएं में शव



मिलने की सूचना सुबह करीब पांच बजे मिली. अधिकारी ने बताया कि स्थानीय दमकलकर्मी और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला. व्यक्ति की उम्र 45 से 50 साल के बीच लग रही थी. तडवी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है.

### ठाणे में पीट-पीट कर हत्या का मामला

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने के आरोप में उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि व्यक्ति का शव डोंबिवली शहर में एक क्रीक के पास सोमवार को मिला था. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की उम्र 40-45 साल थी और उसके सिर पर चोट के निशान थे. उन्होंने बताया कि जांच के बाद मृतक की पहचान सोमनाथ शिंदे के तौर पर हुई. अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने शिंदे के दोस्तों योगेश डोंगरे, विलान तावरे और दीपक करकड़े पर ध्यान केंद्रित किया है, जो रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को कथित तौर पर शिंदे साथ शराब पी रहे थे. उन्होंने बताया कि आरोपियों ने झगड़े के बाद शिंदे की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसके शव को क्रीक (छोटी नदी) के पास फेंक दिया. अधिकारी ने बताया कि पुलि ास ने डोंगरे और तावरे को गिरफ्तार कर लिया है और तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है, जो हत्या के बाद फरार है.

# ‘इस भ्रम में मत रहो कि डेविड तुम्हें बचा लेगा’ धमकी के बाद पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा की समीक्षा की

**मुंबई:** सोशल मीडिया पर अभिनेता सलमान खान को धमकी भरा पोस्ट आने के बाद मुंबई पुलिस ने एक बार फिर उनकी सुरक्षा की समीक्षा की है। सलमान को मुंबई पुलिस की ओर से पहले ही वाई प्लस सुरक्षा दी गई थी। कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की धमकी के बाद उन्हें वाई प्लस सुरक्षा दी गई थी। रविवार को फेसबुक पर गैंगस्टर



लॉरेंस बिश्नोई नाम के अकाउंट से धमकी भरा पोस्ट लिखा गया। यह पोस्ट पंजाबी गायक और अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल को संबोधित था। पोस्ट में धमकी दी गई, ''आप सलमान खान को अपना भाई मानते हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि आपका भाई आगे आकर आपको बचाए।'' ''यह संदेश सलमान खान के लिए भी है। इस मुगालते में मत रहना कि दाऊद तुम्हें बचा लेगा। तुम्हें कोई नहीं बचा सकता।

# रेलवे यात्रियों की मदद के लिए नजर नहीं आती



**मुंबई:** यात्रा के दौरान कभी-कभार ऐसा मंजर नजर आ जाता है, जिसे देखने के बाद क्या करें और क्या न करें वाली स्थिति बन जाती है। कुछ ऐसा ही वाकया पिछले दिनों सेंट्रल रेलवे के परेल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर ३ पर देखने को मिला, जब प्लेटफॉर्म पर उपस्थित एक महिला को अचानक गश आ गया और वो गिर पड़ी। प्लेटफॉर्म पर उपस्थित यात्रियों ने उसे गिरने से बचाया और जमीन पर लिटा दिया। कुछ समय बाद प्लेटफॉर्म पर तैनात पुलिस कर्मचारी भी आ पहुंचा। महिला यात्री बेहोश थी और उस महिला यात्री के पास एकत्रित अधिकतर यात्री उस महिला की मदद करने की कोशिश कर रहे थे।

# राज ठाकरे का राज्य सरकार पर हमला, ‘सरकार सिर्फ दिखावे के लिए है’

**पुणे:** राज ठाकरे ने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ मुखपत्र है। उन्होंने राज्य सरकार की कुछ नीतियों को गंभीरता से लिया। मराठी बोर्ड के मुद्दे पर मनसे ने एक बार फिर हंगामा खड़ा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में इस पर संज्ञान लिया। एमएनएस ने मुंबई, ठाणे, नासिक समेत अन्य शहरों में अंग्रेजी बोर्ड हटा दिए। राज ठाकरे ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार के ढीले रवैये की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार कई मुद्दों पर सिर्फ जुबानी जमाखर्च कर रही है। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि वह बाला साहेब के विचारों पर तो बात करना चाहते हैं लेकिन मराठी के बारे में कुछ नहीं करना चाहते।



मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने पूछा कि बालासाहेब के विचारों की बात क्यों की जाती है और फिर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। जब उनसे मराठी बोर्ड के मुद्दे पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह शिंदे सरकार का मामला नहीं है और कहा कि बाला साहेब के विचार भी बाला साहेब के ही विचार हैं तो फिर वह कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि सरकार से डर नाम की कोई चीज है या नहीं।

राज ठाकरे ने कहा कि बढ़ती गुंडागर्दी, नशाखोरी के मामलों में पुलिस को 24 घंटे की छूट दे दीजिए, सब तोड़ देंगे। इसके पीछे कौन है? उन्होंने सवाल किया कि पैसा कहां से आता है। पाषाण इलाके में मनसे जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उस वक्त उन्होंने मीडिया से बातचीत की। जब मराठा विरोध नेता मनोज जारांगे पाटिल से इस बारे में पूछा गया तो वह बिना जवाब दिए चले गए।

सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई शहर में दुकानों पर मराठी बोर्ड लगाने की डेडलाइन दी थी। यह अवधि समाप्त हो चुकी है। इसी के तहत नगर पालिका दंडात्मक कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। राज ठाकरे द्वारा सरकार की नीति पर नाराजगी जताने के बाद अब सभी का ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि क्या एमएनएस फिर से शुरू होगी।

## जल्द ही जेल में होंगे आदित्य ठाकरे, संजय राउत

# नारायण राणे की बड़ी चेतावनी!

**मुंबई:** युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने कहा है कि शिवसेना के 160 में से 16 विधायक कोंकण दौरे पर रहेंगे। उनके इस बयान पर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने संज्ञान लिया। नारायण राणे ने आलोचना करते हुए कहा कि आपको ध्यान रखना चाहिए कि आपके साथ ये 16 10 न हो जाएं। आप कोंकण आते हैं तो मीटिंग लेते हैं। दिसंबर के बाद वे बैठकों में भी नहीं आएंगे। कुछ दिन बाद वे जेल जायेंगे। नारायण राणे ने यह भी चेतावनी दी कि संजय राउत उनके साथ रहेंगे।



आदित्य ठाकरे ने कोंकण का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैठकें कीं। राणे ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि आखिर आदित्य ठाकरे कौन हैं? मैं उसे गंभीरता से नहीं लेता। वह कोंकण आते हैं और बैठक करते हैं। क्या यह शिवसेना का पतन नहीं है? शिवसेना का पतन हो रहा है। अभी मुलाकात नहीं हो रही है। एक सार्वजनिक बैठक होती है। राणे ने कहा, लेकिन अब उन्हें इसकी जानकारी हो गई है। कोंकण दौरे के दौरान आदित्य ठाकरे ने 16 विधायकों में से 160 विधायक चुनने का दावा किया। उन्होंने उनका मजाक उड़ाते हुए कहा कि ठाकरे परिवार के पास नए विधायक चुनने की क्षमता नहीं है। तो वे किस आधार पर बात करते हैं यह बड़ा सवाल है। उनके साथ जो 16 लोग हैं उनमें से पांच चुनाव में नहीं उतरेंगे। वह जादू की छड़ी क्या है? राणे ने चली ऐसी चाल। ठाकरे अपने पास मौजूद विधायकों को संभाल नहीं पाए। जो हुआ वो दिनदहाड़े चला। क्या उसके पास कोई टेम्पलेट है जो कहता है कि 16 160 होगा?

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com